# तुम हमारे बनो ना बनो श्याम भजन लिरिक्स

तुम हमारे बनो ना बनो,

तुम हमारे बनो ना बनो,
हम तुम्हारे रहेंगे सदा,
तुम हमारी सुनो ना सुनो,
हम तो दिल की कहेंगे सदा,
मुझको विश्वास है सांवरे,
एक ना एक दिन हमारे बनोगे,
सर झुका जो रहेगा मेरा,
एक ना एक दिन तो हाथ धरोगे,
मुझको विश्वास है सांवरे,
एक ना एक दिन हमारे बनोगे।bd।

तर्ज – जिंदगी प्यार का।

---

माना हम है नालायक बड़े,
हमको लायक बना लीजिये,
आप से बस यही प्रार्थना,
अपना सेवक बना लीजिये,
छीन करके मेरे अवगुणों को,
सद्गुणों से ये झोली भरोगे,
सर झुका जो रहेगा मेरा,
एक ना एक दिन तो हाथ धरोगे,
मुझको विश्वास है सांवरे,
एक ना एक दिन हमारे बनोगे।bd।

---

हमको मंजिल की परवाह नहीं,
तेरी राहों पे हम चल पड़े,
हमको दुनिया से क्या वास्ता,
हम तो तेरी शरण में पड़े,
मुझको विश्वास है सांवरे,
एक ना एक दिन तो संग चलोगे,
सर झुका जो रहेगा मेरा,
एक ना एक दिन तो हाथ धरोगे।bd।

---

मेरी आँखों में सूरत तेरी,
नाम होठों पे बस आपका,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

‘रोमी’ बातें करे आपकी,
दिल पे अधिकार है आपका,
मुझको विश्वास है सांवरे,
एक ना एक दिन तो दिलबर बनोगे,
सर झुका जो रहेगा मेरा,
एक ना एक दिन तो हाथ धरोगे।bd।

---

मुझको विश्वास है सांवरे,
एक ना एक दिन हमारे बनोगे,
सर झुका जो रहेगा मेरा,
एक ना एक दिन तो हाथ धरोगे,
मुझको विश्वास है सांवरे,
एक ना एक दिन हमारे बनोगे।bd।

**Singer – Sardar Romi Ji**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com